# कार्य परिषद की प्रथम बैठक दिनांक 23 फरवरी 2008 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि

कार्य परिषद् की प्रथम बैठक, 23 फरवरी 2008, (शनिवार) को पूर्वाह्न 11. 00 बजे से होटल मधुबन में सम्पन्न हुई जिसमें कार्य परिषद् के निम्नलिखित सदस्यों/महानुभावों ने भाग लिया:–

1. प्रो0वी0के0 तिवारी, कुलपति, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून – अध्यक्ष
2. प्रो0एस0सी सक्सेना, निदेशक,आई0आई0टी0,रूड़की – सदस्य
3. डॉ0बी0के0गैरोला महानिदेशक, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार – सदस्य
4. श्री एस0के0 जोशी, नेशनल फिजिकल लैबोरेटरी, डॉ0के0एस0कृष्णा मार्ग, नई दिल्ली – सदस्य
5. श्री डी0के0पांडे निदेशक, ओ0एन0जी0सी0, नई दिल्ली – सदस्य
6. श्री सुब्रत विश्वास सचिव तकनीकी शिक्षा उत्तराखण्ड शासन, देहरादून – सदस्य
7. श्री आर0ए0 शर्मा संयुक्त सचिव वित्त, उत्तराखण्ड शासन – सदस्य
8. डॉ0 मृत्युंजय कुमार मिश्रा, कुलसचिव, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय,देहरादून। – सचिव
9. श्री महावीर सिंह बिष्ट, वित्त नियंत्रक, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून।

❖ श्री अपर्ण गुप्ता, लिबर्टी शूज, श्री दिलबाग सिंह, कार्यकारी प्राचार्य, जी0बी0 पन्त विश्वविद्यालय, व श्री वाई0के0 पन्त, कार्यकारी प्राचार्य के0ई0सी0, ने बैठक में न आने की अनुमति मांगी।

## एजेण्डा बिन्दु–01

## सभी सदस्यों का कुलपति महोदय द्वारा स्वागत

बैठक के प्रारम्भ में कुलपति महोदय द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया तथा अपेक्षा की गयी कि विश्वविद्यालय के विकास एवं उत्थान में सम्मानित सदस्यों का मार्ग दर्शन प्राप्त होता रहेगा। विश्वविद्यालय के वर्तमान कार्यपरिषद् के सभी सदस्य अपने–अपने क्षेत्र में विशिष्टता रखते हैं, उनके प्रशंसनीय योगदान से विश्वविद्यालय भविष्य में लाभान्वित होता रहेगा।

कार्य परिषद् के सम्मानित सदस्यों ने उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की स्थापना एवं विश्वविद्यालय के विकास हेतु किये गये प्रयासों के लिए वर्तमान कुलपति महोदय प्रो0वी0के0 तिवारी जी का धन्यवाद किया।

माननीय सदस्यों द्वारा बैठक की कार्य सूची पर मदवार विचार करते हुए सर्वसम्मति से निम्नवत् निर्णय लिये गये:–

## एजेण्डा बिन्दु–02

## उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के सत्र 2005–06, 2006–07 तथा 2007–08, की वार्षिक प्रगति आख्या पर चर्चा तथा अनुमोदन।

### विनिश्चय–

कार्य परिषद के सभी सम्मानित सदस्यों ने उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के सत्र 2005–06, 2006–07 तथा 2007–08, की वार्षिक प्रगति आख्या पर संतोष व्यक्त किया तथा कुलपति महोदय द्वारा किए गए विशेष प्रयासों के लिए उनकी सराहना की।

## एजेण्डा बिन्दु–03

## उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की वित्त समिति की बैठक (23.10.2007) के पारित बजट का अनुमोदन।

### विनिश्चय–

वित्त समिति की बैठक के पारित बजट को कार्य परिषद् की बैठक में सभी सदस्यों ने सहर्ष अनुमोदन प्रदान किया।

## एजेण्डा बिन्दु–04

### उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के लिये आगामी वर्ष की योजनाओं पर चर्चा तथा अनुमोदन।

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद के सभी सम्मानित सदस्यों ने उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में आगामी वर्ष, 2008–09 की योजनाओं का सम्यक् विचारोपरान्त् सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया।

## एजेण्डा बिन्दु–05

### उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की विद्यापरिषद् के गठन पर चर्चा तथा अनुमोदन।

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद में सभी सम्मानित सदस्यों ने उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की विद्यापरिषद् के गठन का अनुमोदन प्रदान किया।

## एजेण्डा बिन्दु – 06

### उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के लिए भूमि की व्यवस्था अथवा क्रय, क्रयसमिति के माध्यम से करने पर चर्चा तथा अनुमोदन।

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से उक्त दोनों प्रस्तावों का अनुमोदन किया तथा विशेष रूप से इस सम्बन्धित कुलपति महोदय को नियमानुसार यथाशीघ्र कार्यवाही करने हेतु अधिकृत किया।

## एजेण्डा बिन्दु – 07

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के लिए मोनोग्राम, मोटो आदि निर्धारित करने पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् में सभी सम्मानित सदस्यों ने विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि उक्त समस्त कार्य के सम्पादन के लिए आई0आई0टी0, रूड़की के आर्किटेक्चर के विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिता सम्पन्न कराकर मोनोग्राम का डिजाइन तैयार कराया जाय तथा सर्वश्रेष्ठ मोनाग्राम को स्वीकृति प्रदान की जाय। तथा इसके लिये उचित पारितोषिक दिया जाये।

**एजेण्डा बिन्दु–08**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों के सम्बद्धता विस्तारीकरण पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् में सभी सम्मानित सदस्यगण ने विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों का सम्बद्धता विस्तारीकरण का प्रस्ताव स्थाई सम्बद्धता जारी करने हेतु प्रेषित किया जाय। यह भी पारित किया गया कि सम्बद्ध संस्थानों में आकस्मिक निरीक्षण किया जाये तथा कमियां पाये जाने पर संस्थानों को चेतावनी या सम्बद्धता रद् हेतु प्रेषित किया जाये।

**एजेण्डा बिन्दु–09**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश समिति का गठन करने पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय–**

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश समिति का गठन करने के सम्बन्ध में कार्य परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यगणों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में प्रवेश समिति का गठन किया जाय तथा कुलपति महोदय को ऐसी समिति बनाने के लिए अधिकृत किया।

## एजेण्डा बिन्दु–10

### उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में नये पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने पर चर्चा तथा अनुमोदन।

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यगणों के विचारोपरान्त उक्त प्रस्ताव माननीय कुलपति महोदय द्वारा वापस ले लिया गया।

## एजेण्डा बिन्दु–11

### उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की शोध समिति गठित किये जाने पर चर्चा तथा अनुमोदन।

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की शोध समिति का गठन शीघ्र किया जाय तथा इस संदर्भ में सुझाव दिया कि इस शोध समिति का प्रस्ताव विद्या परिषद् द्वारा किया जाएगा।

## एजेण्डा बिन्दु–12

### उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय का भारत तथा विश्व के अन्य तकनीकी संस्थानों के साथ सहयोग पर चर्चा तथा अनुमोदन।

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यों ने उक्त प्रस्ताव को विचारोपरान्त अनुमोदन इस शर्त के साथ प्रदान किया कि विश्व के संस्थानों के लिये समझौते को शासन के माध्यम से किया जाय जैसा कि अन्य ऐसी संस्थाऐं कर रही हैं।

## एजेण्डा बिन्दु–13

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा राज्य/केन्द्रीय शोध संस्थानों से समझौता कर विद्यार्थियों को शोध सुविधा उपलब्ध कराने पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

### विनिश्चय–

कार्य परिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा राज्य/केन्द्रीय शोध संस्थानों से समझौता कर विद्यार्थियों को शोध सुविधा उपलब्ध करायी जाय एवं इन विद्यार्थियों को इस विश्वविद्यालय से नामांकन तथा शोध उपाधि प्रदान की जाय।

## एजेण्डा बिन्दु–14

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा मानद शोध उपाधि (पी0एच–डी0) प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में चर्चा तथा अनुमोदन।**

### विनिश्चय–

कार्य परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यगणों के विचारोपरान्त उक्त प्रस्ताव को माननीय कुलपति महोदय द्वारा वापस ले लिया गया।

## एजेण्डा बिन्दु–15

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005, के विधिवत् कार्यान्वयन के लिए राजपत्रित अधिकारी/लोक सूचना अधिकारी अलग से नियुक्त किये जाने हेतु प्रस्ताव पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

### विनिश्चय–

कार्य परिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में राजपत्रित

अधिकारी/लोकसूचना अधिकारी अलग से नियुक्त न करके कुल सचिव को ही इसके लिए अधिकृत किया जाना चाहिए।

## एजेण्डा बिन्दु–16

## उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में पदों के सृजन पर चर्चा एवं अनुमोदन ।

### विनिश्चय–

कार्य परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यगणों ने विचारोपरान्त उक्त प्रस्ताव पर निर्देश हुआ कि परीक्षा नियंत्रक, कुल सचिव, वित्त नियंत्रक के पद वेतनमान संशोधन हेतु शासन को प्रेषित किये जाय। शेष पदों का प्रस्ताव तीन भागों – संविदा, आउटसोर्सिंग तथा नियुक्ति – में विभाजित कर कार्यवाही की जाय।

## एजेण्डा बिन्दु–17

## उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा, सेमेस्टर परीक्षा, प्रश्न–पत्रों की संरचना, परीक्षाओं का आयोजन, उत्तर पुस्तिकाओं की जांच, परीक्षाफल की घोषणा आदि की प्रक्रिया तथा अंकपत्र एवं उपाधि आदि के प्रबन्धन पर चर्चा तथा अनुमोदन।

### विनिश्चय–

कार्य परिषद् ने सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में उक्त समस्त कार्यों की सुनियोजित ढंग से नियमावली बनायी जाय एवं इस उद्देश्य हेतु प्रस्तावित समिति को अनुमोदन प्रदान किया तथा सुझाव दिया कि अंक–पत्र तथा प्रमाण–पत्र आदि बार–कोडिंग सहित शीघ्र जारी किया जाय।

## एजेण्डा बिन्दु–18

## उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित काउन्सलिंग की प्रक्रिया तथा इसके आयोजन पर होने वाले प्रबन्धों पर चर्चा तथा अनुमोदन।

### विनिश्चय–

कार्य परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यगणों ने विचारोपरान्त उक्त प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया ।

**एजेण्डा बिन्दु–19**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु यात्रा भत्ता, चिकित्सा सुविधा, अवकाश यात्रा भत्ता सुविधा, मकान किराया भत्ता/आवासीय सुविधा आदि की अनुमन्यता पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान करते हुए उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में कार्यरत अधिकारियों हेतु आवासीय भवन किराये पर लिये जाने हेतु सहमति जताई तथा इस सम्बन्ध में नियमानुसार कार्यवाही के लिए कुलपति महोदय को अधिकृत किया।

**एजेण्डा बिन्दु–20**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय के वेतन, आवास, तथा अन्य सुविधाओं की अनुमन्यता पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यगणों के विचारोपरान्त उक्त प्रस्ताव को माननीय कुलपति महोदय द्वारा वापस ले लिया गया।

**एजेण्डा बिन्दु–21**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की उपयोगार्थ विभिन्न सामाग्रियों के क्रय हेतु क्रय–समिति निर्धारण किये जाने पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् ने सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की उपयोगार्थ विभिन्न सामाग्रियों के क्रय हेतु क्रय–समिति के गठन का अनुमोदन किया।

## <u>एजेण्डा बिन्दु–22</u>

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के उपयोगार्थ दो कार तथा एक माल वाहक वाहन के क्रय किये जाने पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

### <u>विनिश्चय–</u>

कार्य परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यगणों ने विचारोपरान्त उक्त प्रस्ताव पर नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया।

## <u>एजेण्डा बिन्दु–23</u>

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के नियम, विनियम तथा नियमावली पर विस्तृत चर्चा तथा अनुमोदन।**

### <u>विनिश्चय–</u>

कार्य परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यों ने सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव पर शीघ्र समिति गठित करने का निर्देश दिया।

## <u>एजेण्डा बिन्दु–24</u>

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुल–सचिव एवं वित्त नियंत्रक के वेतनमान को संशोधित किये जाने पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

### <u>विनिश्चय–</u>

कार्य परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यगणों ने विचारोपरान्त उक्त प्रस्ताव को पद सृजन के प्रस्ताव के साथ ही प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

**एजेण्डा बिन्दु–25**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट केन्द्र स्थापित करने पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यों ने प्रस्ताव को विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट केन्द्र स्थापित किया जाना चाहिए तथा कार्य परिषद् के सभी सदस्यगणों ने सर्वसम्मति से एक प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी को नियुक्त किये जाने पर स्वीकृति प्रदान की।

**एजेण्डा बिन्दु–26**

**गढवाल विश्वविद्यालय, कुमायूँ विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष में अनुत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों का उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में प्रवेश तथा उनके पाठ्यक्रमों का पुनर्नियोजन के संबन्ध में चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यगणों ने विचारोपरान्त सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान करते हुए कहा कि विद्यापरिषद् इस सम्बन्ध में निर्णय लेने में सक्षम होगी।

**एजेण्डा बिन्दु–27**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में अनुत्तीर्ण/बैक–पैपर के विद्यार्थियों पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यगण ने विचारोपरान्त सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान करते हुए कहा कि विद्यापरिषद् इस सम्बन्ध में निर्णय लेने में सक्षम होगी।

## एजेण्डा बिन्दु–28

## उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में ऐकेडमिक स्टॉफ कॉलेज की स्थापना करने पर चर्चा तथा अनुमोदन।

### विनिश्चय–

कार्य परिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान करते हुए निर्देश किया कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों के शिक्षकों को प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे विभिन्न प्रगति से अवगत कराने हेतु ऐकेडमिक स्टॉफ कॉलेज की स्थापना की जाय।

## एजेण्डा बिन्दु–29

## उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में संचालित होने वाली परीक्षा से सम्बन्धित विभिन्न कार्यों की निर्धारित दरों पर चर्चा एवं अनुमोदन।

### विनिश्चय–

कार्य परिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के द्वारा संचालित होने वाली परीक्षाओं से सम्बन्धित विभिन्न कार्यों की निर्धारित दरों के अनुमोदन के लिए कुलपति महोदय को अधिकृत किया।

## एजेण्डा बिन्दु–30

## उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के सुव्यवस्थित संचालन हेतु सॉफ्टवेयर व्यवस्थित किये जाने की आवश्यकता पर चर्चा तथा अनुमोदन।

### विनिश्चय–

कार्य परिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के सुव्यवस्थित संचालन हेतु सॉफ्टवेयर की व्यवस्था की जाय।

**एजेण्डा बिन्दु–31**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के सुव्यवस्थित संचालन हेतु वेबसाइट की आवश्यकता पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यगणों ने विचारोपरान्त उक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया।

**एजेण्डा बिन्दु–32**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में वार्षिक अन्तर–संस्थान सांस्कृतिक तथा क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में वार्षिक अन्तर–संस्थान सांस्कृतिक तथा क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाय। इसके लिये कुलपति द्वारा उचित कार्यवाही करने के लिये अधिकृत किया।

**एजेण्डा बिन्दु–33**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में प्रथम दीक्षान्त समारोह आयोजित किये जाने पर चर्चा एवं अनुमोदन।**

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में प्रथम दीक्षान्त समारोह आयोजित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

**<u>एजेण्डा बिन्दु–34</u>**

## उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था को ऑन–लाइन करने के सम्बन्ध में चर्चा तथा अनुमोदन।

**<u>विनिश्चय–</u>**

कार्य परिषद ने सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अन्य विश्वविद्यालयों की भांति उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था को भी ऑन–लाइन किया जाय।

**<u>एजेण्डा बिन्दु–35</u>**

## उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की बोर्ड ऑफ स्टडीज गठित किये जाने के सम्बन्ध में चर्चा तथा अनुमोदन।

**<u>विनिश्चय–</u>**

कार्य परिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए निर्देश दिया कि इस प्रस्ताव को विद्या परिषद के माध्यम से प्रस्तुत किया जाय।

**<u>एजेण्डा बिन्दु–36</u>**

## उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के सम्बद्ध संस्थानों से बी0एच0एम0 (तीन वर्षीय) डिप्लोमा कोर्स में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को एक वर्ष का ब्रिज कोर्स कराकर स्नातक उपाधि प्रदान किये जाने पर चर्चा तथा अनुमोदन।

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव का ए0आई0सी0टी0ई0 से स्वीकृत प्राप्त करने की दशा में अनुमोदन किया। इसके लिये संस्थान पहले ए0आई0सी0टी0ई0 नई दिल्ली में प्रपोजल जमा कर अनुमोदन लें।

**एजेण्डा बिन्दु–37**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में 'कन्सलटेन्सी सेल' के गठन के संबन्ध में चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यगणों के विचारोपरान्त उक्त प्रस्ताव को माननीय कुलपति महोदय द्वारा वापस ले लिया गया।

**एजेण्डा बिन्दु–38**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में भवन निर्माण समिति का गठन किये जाने के सम्बन्ध में चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया तथा विशेष रूप से इस सम्बन्ध में कुलपति महोदय को नियमानुसार यथोचित् कार्यवाही करने हेतु अधिकृत किया।

**एजेण्डा बिन्दु–39**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय को विधि परामर्श देने हेतु विधि परामर्शी नियुक्त किये जाने के सम्बन्ध में चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय को विधि परामर्श देने हेतु विधि परामर्शी केस के आधार पर भुगतान किया जाय।

**एजेण्डा बिन्दु–40**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं को परीक्षा के एक वर्ष पश्चात नष्ट करने के सम्बन्ध में चर्चा एवं अनुमोदन।**

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं की उत्तर–पुस्तिकाओं को परीक्षा के एक वर्ष पश्चात नष्ट कर दिया जाये।

**एजेण्डा बिन्दु–41**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में एक अतिथि–ग्रह की व्यवस्था किये जाने पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पर निर्देश दिया कि अतिथियों के ठहरने की व्यवस्था आउटसोर्सिंग के आधार पर की जाय।

**एजेण्डा बिन्दु–42**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के कार्यालय हेतु किराये पर लिये गए भवन मासिक किराये का अनुमोदन तथा विश्वविद्यालय हेतु एक बड़े भवन की व्यवस्था पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय—**

कार्य परिषद् ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के कार्यालय हेतु किराये पर एक बडा या अतिरिक्त भवन की व्यवस्था टेण्डर नोटिस/निर्धारित प्रकिया के माध्यम से की जाय।

**एजेण्डा बिन्दु – 43**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में तैनात किये गये दैनिक मजदूरी/नियत मासिक मजदूरी पर पूर्व में तैनात किये गये कार्मिकों की समस्या एवं, इन कार्मिकों को प्रगतिशील चयन प्रक्रिया में पाँच अंक का कृपांक दिये जाने पर चर्चा तथा अनुमोदन ।**

**विनिश्चय—**

कार्य परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यगणों ने विचारोपरान्त उक्त प्रस्ताव पर निर्देश दिया कि पांच अंक का कृपांक किसी भी परिस्थिति में नहीं दिया जा सकता। विश्वविद्यालय में सभी कार्मिकों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से ही रखा जाय। किसी भी परिस्थिति में कार्मिकों को सीधे विश्वविद्यालय नहीं रखेगा।

**एजेण्डा बिन्दु – 44**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों में शिक्षण सत्र के मध्य में शिक्षकों द्वारा संस्थान बदलने पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय—**

कार्य परिषद् ने सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों में शिक्षण सत्र के मध्य में शिक्षकों द्वारा संस्थान नहीं बदले जायेंगे। तथा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थान इसी विश्वविद्यालय से सम्बध सस्थानों के शिक्षकों को शिक्षण सत्र के बीच में नही ले सकते।

**एजेण्डा बिन्दु – 45**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों में शिक्षकों की चयन समिति में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधि आवश्यक होने पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् ने सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों में शिक्षकों की चयन समिति में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधि भी होना चाहिए। भविष्य में इसका उल्लंघन करने पर उचित कार्यवाही की जायेगी।

**एजेण्डा बिन्दु – 46**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों के विद्यार्थियों का चिकित्सा बीमा कराये जाने को आवश्यक बनाये जाने पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

**विनिश्चय–**

कार्य परिषद् ने सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों के विद्यार्थियों का चिकित्सा बीमा किया जायेगा।

**एजेण्डा बिन्दु – 47**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की कार्य परिषद् की प्रथम बैठक में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर चर्चा तथा अनुमोदन।**

कार्य परिषद् ने सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया।

**एजेण्डा बिन्दु – 48**

**उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की कार्य परिषद् की प्रथम बैठक में सभी सम्मानित सदस्यों का कुलसचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन।**

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की कार्य परिषद् की प्रथम बैठक में कुलसचिव द्वारा सभी सम्मानित सदस्यगणों का धन्यवाद किया गया।

(डॉ0 मृत्युंजय कुमार मिश्रा)
कुलसचिव